दिन–शुक्रवार

दिनांक– 14 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. रंगों, उमंगों और खुशियों का त्योहार होली पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में कल भी होली मनायी जाएगी।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षकों की तृतीय सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बाईस मार्च तक बढ़ाई।

04. और, प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान।

---

–––म्यूजिक–––

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। प्रदेश में भी होली को लेकर हर तरफ उत्साह और उमंग का माहौल है। प्रदेश में होली कल मनायी जायेगी। जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि कई स्थानों पर होली आज भी मनायी गयी।

---

हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया है कि जिले में विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े प्रबंध किये गये हैं।

–––रिपोर्ट–––

---

नवादा में लोगों ने होली पर पारंपरिक होली गीतों के बीच विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

---रिपोर्ट---

नवादा में परंपरागत तरीके से होली मनाई जा रही है। वैसे तो रंग गुलाल का मुख्य त्यौहार शनिवार को है। लेकिन लोग आज भी एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आज भी हर्ष और उल्लास के वातावरण में होली मनाई जा रही है। लोग होलवैइया की होली गीत और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

---

मोतिहारी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि लोगों ने एक दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

---रिपोर्ट---

मोतिहारी में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। लोगों ने एक–दुसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। जिला प्रशासन की ओर से 442 स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। अफवाहें और झूठी खबरें फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिले में कल भी होली मनाई जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए मोतिहारी से आलोक कुमार।

---

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में होली का त्योहार स्नेह और आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाया गया।

---रिपोर्ट---

सुपौल में होली का पर्व शांतिपूर्वक माहौल में मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बाजारों में तरह–तरह के अबीर, गुलाल और पिचकारियों ने होली के पर्व को और भी रंगीन बना दिया है। जिले में होली का त्योहार कल भी मनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से होली को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का

पर्व है तथा समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। उन्होंने राज्यवासियों से आपसी प्रेम और सौहार्द के माहौल में इस त्योहार को मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली चौदह और पंद्रह मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह त्योहार राज्य में सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द का नया सवेरा लेकर आएगा।

---

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अपने संदेश में कहा है कि होली प्रेम, सौहार्द और आनंद का प्रतीक है। उन्होंने होली के अवसर पर लोगों के जीवन में खुशियां और रिश्तों में मधुरता की कामना की। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व लोगों के जीवन में समृद्धि, उन्नति और संपन्नता लेकर आए। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय के बाबा महादेव, अशोक धाम में पूजा–अर्चना के बाद होली के त्योहार पर सभी को बधाई दी।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव ने पटना के गांधी मैदान में आयोजित होली महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामना दीं।

———बाइट———

पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने होली के अवसर पर अपने संदेश में कहा है कि रंगों का यह त्योहार सभी लोगों का जीवन सुखमय बनाए और बिहार विकास के नये पथ पर आगे बढ़े।

---

होली पर्व को देखते हुए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। श्री कुमार ने बताया कि संवदेनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। होली के मद्देनजर अस्पतालों और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। पटना के पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस और एम्स में पचासी बेड आरक्षित रखे गये हैं। पुलिस मुख्यालय ने उग्रवाद प्रभावित जिलों में भी कड़ी निगरानी बरतने का निर्देश दिया है। सुरक्षा को लेकर राजधानी पटना में चार हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

---

आकाशवाणी से विशेष बातचीत में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स के चर्म रोग विभाग के चिकित्सक कौशल वर्मा ने लोगों को होली पर कृत्रिम रंगों से बचने की सलाह दी है।

———बाइट———

होली के समय गीले रंगों का इस्तेमाल न करें। सूखे रंगों का या गुलाल का इस्तेमाल करें। कभी—कभी होली के टाइम लोग जो हैं ये पेंट वार्निश, कीचड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं होली के खेलने के लिए, इसको बिल्कुल ही न करें, इससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है।

चिकित्सकों ने होली के दौरान रंग—अबीर खेलते समय आंखों को लेकर भी सावधान रहने की जरूरत बताई है। पीएमसीएच की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रियंका का कहना है कि आंखों में अबीर पड़ने पर कभी उसे रगड़े नहीं। आंखों में अबीर पड़ने पर साफ ठंडे पानी से धोने के बाद आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक की मदद ले सकते हैं।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में भारत—नेपाल सीमा पर पिलर संख्या तीन सौ तिरानवे के समीप दोनों देशों के जवानों ने पूरे सौहार्द और उत्साह के साथ होली मनाई। भारत की ओर से एसएसबी के जवानों और नेपाल आर्म्ड फोर्स के सैनिकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एसएसबी के सब—इंस्पेक्टर भंवरलाल ने कहा कि देश ही उनका परिवार है। ड्यूटी पर रहते हुए भी जवान त्योहार की खुशियां महसूस कर सकते हैं। नेपाल आर्म्ड फोर्स के सब—इंस्पेक्टर तेज सापकोटा ने बताया कि मित्र राष्ट्र के जवानों के साथ होली खेलकर परिवार की कमी महसूस नहीं हुई।

———————————————————————

पश्चिमी चंपारण के बगहा स्थित पीपरा गांव में लोगों ने होली को अनोखे तरीके से मनाकर मिसाल कायम की है। इस गांव के लोगों ने पेड़—पौधों के साथ होली खेलकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गांव वालों ने कहा कि पेड़—पौधों के अस्तित्व से ही लोगों का जीवन जुड़ा हुआ है। इसलिए सभी को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए। पीपरा गांव निवासी गजेंद्र यादव पिछले बीस वर्षों में दस लाख से अधिक पौधे लगाकर कीर्तिमान बना चुके हैं।

———————————————————————

उत्तर रेलवे होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए चार सौ से अधिक विशेष ट्रेनें चला रहा है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम और प्रतीक्षालय बनाए गए हैं। इधर, यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे भी होली विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षकों की तृतीय सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बाईस मार्च तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि बारह मार्च तक निर्धारित थी। तृतीय सक्षमता परीक्षा में कक्षा एक से बारहवीं तक के इकसठ विषयों के लिए परीक्षा होगी। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं है। पूर्व की सक्षमता परीक्षा से वंचित शिक्षक तृतीय सक्षमता परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा मई महीने में होने की सम्भावना है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने कहा है कि शनिवार पन्द्रह मार्च को होने वाली कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं देश के विभिन्न हिस्सों में होली के त्योहार के बावजूद तय समय पर ही आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि हिंदी कोर और हिंदी वैकल्पिक विषयों के लिए कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं निर्धारित तिथि पर ही आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने कहा है कि जो छात्र पन्द्रह मार्च को परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

---

केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने कहा है कि बिहार पुलिस में लगभग बीस हजार सिपाहियों की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के अठारह अप्रैल तक बने प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। बोर्ड ने जारी निर्देश में कहा है कि अठारह अप्रैल तक बने सभी शैक्षणिक, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जायेगा। बोर्ड ने कहा कि आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल के बाद जारी कोई भी प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान सत्ताईस डिग्री से छत्तीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि सुबह और शाम में मौसम सामान्य बना रहेगा, लेकिन दिन में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी।

–––बाइट–––

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. रंगों, उमंगों और खुशियों का त्योहार होली पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में कल भी होली मनायी जाएगी।

02. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शिक्षकों की तृतीय सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बाईस मार्च तक बढ़ाई।

04. और, प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।